भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया

1. पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाओं के लिए पंजीकरण हेतु निम्न को तैयार रखें:
   - आप अपने जीवन और अपने अवयस्क बच्चे के जीवन पर पॉलिसी नम्बर्स
   - इन पॉलिसियों के अंतर्गत किस्त प्रीमियम (बिना सेवाकर/जीएसटी)
   - 100 केबी से कम फाइल आकार के साथ पैन कार्ड या पासपोर्ट की स्कैन प्रति
   - स्कैन इमेज .जेपीजी या .जेपेईजी फार्मेट में होना चाहिए। तथापि निम्नलिखित फार्मेट के साथ इमेजों को भी डाउनलोड किया जा सकता है : .bmp, .png, gif, .tiff

2. www.licindia.inको विजिट करें और “Customer Portal” पर क्लिक करें।

3. यदि आप कस्टमर पोर्टल पर पहले पंजीकृत नहीं है तो **“New user”** पर क्लिक करें।

4. निम्न विवरण दें:
   - पॉलिसी नम्बर (एक पॉलिसी नम्बर)
   - किस्त प्रीमियम (बिना करों के)
   - जन्म-तिथि
   - मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी
   - लिंग

5. सबमिट बटन पर क्लिक करें

6. अगले स्क्रीनमें आपको अपने पसंद के यूजर आईडी और पासवर्ड को चुनना पड़ेगा और सबमिट करना होगा ।

7. इस नए निर्मित यूजर आईडी के माध्यम से लॉगिन करें और “बेसिक सर्विसेस” → “अँड पॉलिसी” विकल्प पर क्लिक करें ।

8. अपने सभी शेष पॉलिसियों को दर्ज करें (जैसा कि प्वाइंट नं. 1 में उल्लेख किया गया है) ।

9. इसके बाद नीचे दिए गए प्वाइंट नं. 12 से 26 के अनुसार प्रमुख सेवाओं के लिए पंजीकरण हेतु **3 चरण की प्रक्रिया को** अपनाएं ।

प्रमुख सेवाओं के लिए पंजीकरण :

10. यदि पहले से पंजीकृत यूजर हैं तो एलआईसी-पोर्टल के लिए अपने यूजर-आईडी और पासवर्ड के साथ लॉगिन करें।

11. सामान्य 3 चरण की प्रक्रिया - पंजीकरण, प्रिंटिंग और दस्तावेजों के अपलोडिंग को अपनाएं ।

चरण 1—पंजीकरण फार्म भरना

12. पोर्टल यूजर के रूप में पंजीकरण के समय दिए गए जन्म-तिथि, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी सहित मूल विवरण पंजीकरण फार्म में स्वतः शामिल हो जाएगा।

13. पैन कार्ड या पासपोर्ट विवरण दें।

14. इस स्टेज पर सभी पात्र पॉलिसी नम्बर दिखेगा (**अपने जीवन और अवयस्कबच्चों के जीवनों पर पॉलिसी) ।**

15. पत्नी के जीवन पर पॉलिसियों के लिए उसके द्वारा अलग पंजीकरण करना होगा।

चरण 2 –प्रिंट फार्म

16. प्रिंट/सेव फार्म पर क्लिक करें और पंजीकरण फार्म को प्रिंट करें।

17. पंजीकरण फार्म के विवरण की जांच करें और इसपर साइन करें।

18. हस्ताक्षरितफार्म और किसी एक केवायसी दस्तावेज (पैन या पासपोर्ट) का स्कैन किया इमेज तैयार करें।

19. स्कैन इमेज का फाइल आकार अधिकतम 100 केबी हो।.

20. नीचे दिए गए किसी एक फार्मेट में स्कैन इमेज तैयार किया जाए:
.bmp, .png, .jpg, .jpeg, .gif, .tiff

चरण 3 –अपलोड फार्म / स्टेटस की जांच करें

21. दिए गए विकल्प के माध्यम से पंजीकरण फार्म के स्कैन किए हुए इमेज को अपलोड करें।

22. पैन कार्ड या पासपोर्ट के स्कैन किए हुए इमेज को अपलोड करें ।

23. दस्तावेजों के अपलोड हो जाने के बाद सबमिट द रिक्वेस्ट पर क्लिक करें ।

24. पंजीकरण फार्म में दिए गए मोबाइल / ई-मेल आईडी पर पावती एसएमएस एवं ई-मेल भेजा जाएगा ।

25. इस अनुरोध को अपने कस्टमर जोन को जांच के लिए भेजा जाएगा ।

26. अपने कस्टमर जोन के अधिकारियों द्वारा जांच के बाद (पंजीकरण की तारीख से 3 दिनों के अंदर) एक पावती ई-मेल और एसएमएस आपको भेजा जाएगा।“

27. अब आप हमारी प्रमुख सेवाएं प्राप्त करने के लिए तैयार हैं।”

<u>अनुरोध की वैधता के बाद सक्रिय सेवाएं:</u>

कस्टमर जोन अधिकारियों द्वारा आपके ई-सेवाओं के लिए अनुरोध की वैधता के बाद ही निम्न सेवाएं सक्रिय होंगी:

1. पॉलिसी एवं प्रस्ताव इमेजेस
2. दावा इतिहास
3. ऑनलाइन ऋण के लिए सेवा अनुरोध पंजीकरण

****